अजय, तुषार और वंदना राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप, 2024 के लिए चयनित

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान, सेक्टर 31 के विशेष विद्यालय के छात्रगण अजय, अनूप, साहिब जीत, तुषार, तनवीर, वंदना (महिला), दीपांशु और नितिन ने 7 और 8 फरवरी 2024 को गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 23 ए, चंडीगढ़ में आयोजित स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल में भाग लिया। इसमें छात्रों ने अपने स्थान सुनिश्चित किए एवं स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। कार्यक्रम का आयोजन स्पेशल ओलंपिक भारत, चंडीगढ़ के द्वारा किया गया था। संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रों को प्रशिक्षक सुश्री शीतल नेगी और श्री मानव के द्वारा प्रशिक्षित किया गया था।

अजय और तुषार (पुरुष श्रेणी) को दिनांक 18 से 22 मार्च 2024 तक असम में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया है। वहीं, वंदना (महिला श्रेणी) का चयन दिनांक 24 से 29 फरवरी 2024 तक हरियाणा में होने वाली राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए किया गया है।

संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, प्रभारी प्राचार्या सुश्री वंदना सिंह, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर श्री जसपाल शर्मा, प्रशिक्षक सुश्री शीतल नेगी एवं श्री मानव के साथ विशेष विद्यालय के प्रतिभागी खिलाड़ी।

दैनिक भास्कर
चंडीगढ़ भास्कर 09-02-2024

Special Olympic | चंडीगढ़ के 40 स्पेशल एथलीट्स उतरे कोर्ट पर

10 स्पेशल शटलर्स चुने गए कैंप में

चंडीगढ़| स्पेशल ओलिंपिक भारत चंडीगढ़ ने स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट कम सलेक्शन ट्रायल का आयोजन गवर्नमेंट स्कूल-23 में किया। सिटी के 40 स्पेशल शटलर्स कोर्ट पर मुकाबले के लिए उतरे और इसमें से 10 शटलर्स को चंडीगढ़ टीम के लिए लगने वाले कैंप में चुना गया, जिसमें वे अपने आप को नेशनल के लिए तैयार करेंगे।

मेन नेशनल बैडमिंटन का आयोजन हरियाणा में किया जाएगा और गर्ल्स को असम में खेलना होगा। फरवरी और मार्च में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए उनके पास कम ही समय है। कैंप के बाद फाइनल टीम चुनी जाएगी। डॉ. संजीव भांबरी इस मौके पर चीफ गेस्ट रहे और उन्होंने सभी को सम्मानित किया। स्टेट बैडमिंटन में ग्रीड सेक्टर-31, सोरम स्कूल-36, आशा स्कूल चंडीमंदिर, साधना स्कूल मनीमाजरा और गवर्नमेंट स्कूल के सीडब्यूएसएम स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। शटलर्स को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। चंडीगढ़ में पावरलिफ्टिंग कैंप भी आयोजित किया गया है। साधना स्कूल में कैंप के बाद लिफ्टर्स लखनऊ(यूपी) में होने वाले नेशनल में उतरेंगे।

मीडिया कवरेज